**बाजार** | नवरात्र में बढ़ी गाड़ियों की बिक्री तो 1005 वाहनों के हुए रजिस्ट्रेशन, यूपी में 14 अक्तूबर 2022 के बाद इलेक्ट्रिक कार खरीदने वालों को एक लाख तक की सब्सिडी मिली

# नवरात्र में ईवी का बढ़ा बाजार, तीन दिन में रिकॉर्ड पंजीकरण हुए

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। वाहनों की मार्केट ने रफ्तार पकड़ ली है। नवरात्र की पहली तिथि से तीन दिन में रिकार्ड वाहन पंजीकृत किए गए। रजिस्ट्रेशन के आंकड़े बताते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार ने भी तेजी पकड़ ली। पेट्रोल के बाद सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद की गई। परिवहन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि नवरात्र के तीन दिन में लखनऊ के विभिन्न शोरूम से 1005 वाहन खरीदे गए।

इसमें सबसे ज्यादा 496 पेट्रोल के थे तथा दूसरे नंबर पर 237 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) का रजिस्ट्रेशन किया गया। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद का यह अब तक का रिकार्ड भी है। उम्मीद है कि अगले पांच दिनों यह संख्या तीन गुना बढ़ जाएगी।

इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने पर राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी मिल रही है और टैक्स नहीं लिया जा रहा है। यूपी में 14 अक्टूबर 2022 के बाद इलेक्ट्रिक कार खरीदने वालों को एक लाख रुपये तक की सब्सिडी मिली है। इसके अलावा दो पहिया वाहनों पर पांच हजार रुपये, ई-बस पर 20 लाख रुपये, ई-गुड्स कैरियर्स पर एक लाख की छूट मिली है।



### लखनऊ में ईंधन सेंटर

265 पेट्रोल व डीजल पंप

41 सीएनजी स्टेशन


42 इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइन्ट

"नवरात्र शुरू होने के बाद से शनिवार तक आरटीओ में 1005 गाड़ियां रजिस्टर्ड हुई हैं। इनमें से 237 ईवी हैं। धनतेरस और दीपावली तक यह संख्या और तेजी से बढ़ेगी। **संजय कुमार तिवारी,** आरटीओ प्रशासन

### तीन दिन में गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन इस तरह हुआ

| फ्यूल वाहन | रजिस्ट्रेशन | फ्यूल वाहन | रजिस्ट्रेशन |
|---|---|---|---|
| सीएनजी | 16 | पेट्रोल | 496 |
| डीजल | 111 | पेट्रोल-सीएनजी | 106 |
| डीजल हाइब्रिड | 01 | पेट्रोल-एथेनॉल | 03 |
| इलेक्ट्रिक | 237 | पेट्रोल हाइब्रिड | 24 |

### राजधानी में ई व्हीकल की कुल संख्या 83,899



राजधानी में ई व्हीकल की कुल संख्या 83,899 है। इसमें से 58,915 ई-रिक्शा हैं। इसके अलावा 9127 थ्री व्हीलर हैं। वहीं टू व्हीलर की संख्या 13,457 है। इसमें और तेजी आने की संभावना है। ईवी की बिक्री के आड़े चार्जिंग स्टेशनों की कमी आ रही है। राजधानी में रेलवे स्टेशन, बड़े पार्क, बस अड्डे आदि पर चार्जिंग पॉइन्ट बनाने की योजना है। इससे ईवी के प्रति लोगों का रुझान और भी बढ़ेगा।